2.1

# प्रतिवेदन

## परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण

परियोजना का नाम :— पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत फेज–11 नौला से थिरौली मोटर मार्ग फेज–11 (ल0 10.50 किमी0)

जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत फेज–11 नौला से थिरौली मोटर मार्ग जिसकी लम्बाई 10.50 किमी0 आती है। जिसके निर्माण में सिविल सोयम भूमि 5.427 है0 तथा निजी भूमि 4.023 है0 प्रभावित हो रही है। उक्त मार्ग के निर्माण में 5.427 है0 सिविल सोयम भूमि के हस्तान्तरण प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। उक्त मार्ग की वास्तविक लम्बाई 10.50 किमी0 है तथा जिसकी चौडाई 9.00 मी0 है। वृक्षों की गणना 7.00 मी0 चौडाई में की गयी है ताकि कम से कम वृक्ष प्रभावित हों। उक्त मार्ग के बन जाने से प्रभावित हो रहे ग्रामों का सीधा सम्बन्ध मुख्य मार्ग से हो जायेगा तथा ग्रामवासियों का अपनी फसल मण्डी ले जाने में एवं यातायात की सुविधा प्राप्त होगी तथा ग्रामवासियों का सीधा सम्पर्क तहसील मुख्यालय, जिला मुख्यालय तथा चिकित्सालय से हो जायेगा।

उक्त मार्ग के निर्माण में विभिन्न प्रकार के वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं (सूची संलग्न है)। इस मार्ग के निर्माण में कोई मन्दिर, मजिस्द, कब्रिस्तान आदि धार्मिक स्थल नहीं पडते हैं। उक्त मार्ग के निर्माण में भू–गर्भीय निरीक्षण भू–वैज्ञानिक द्वारा कराया गया है (आख्या संलग्न है)।

अतः प्रश्नगत मार्ग में सिविल सोयम भूमि 5.427 है0 पडती है। जिसका पी0एम0जी0एस0वाई0, लोक निर्माण विभाग, को हस्तान्तरण हेतु प्रस्ताव प्रेषित है।

| | |
|---|---|
| सहायक अभियन्ता,<br>पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड,<br>लो0नि0वि0, द्वाराहाट | अधिशासी अभियन्ता,<br>पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड,<br>लो0नि0वि0, द्वाराहाट |